




# भविष्य का निर्माण करते हैं शिक्षक : महापौर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में ढाई हजार से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव थे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार, विधायक साहब सिंह गुर्जर, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे एवं सभी ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक व राष्ट्र निर्माता होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों और समाज को सही शिक्षा और दिशा देकर उन्हे आने वाली चुनौतियों के लिये तैयार करते हैं और उन्हें एक सभ्य नागरिक बनाने का प्रशंसनीय कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने इतनी बड़ी संख्या में एक छत के नीचे शिक्षकों का सम्मान पहली बार देखा है। इसके लिए सतीश सिकरवार को बधाई देता हूं। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंम्भ हुआ। जिसके बाद बालिकाओं द्वारा मंच पर श्री गणेश वंदना एवं श्रीराम स्तुति प्रस्तुत की गई। न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं कार्यक्रम संयोजक

**शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं- यादव**

**विधायक डॉ .सिकरवार के नेतृत्व में जन उत्थान न्यास ने किया ढाई हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान**

संजय कठठ्ल द्वारा अतिथियों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि जन उत्थान न्यास द्वारा वर्ष भर सामाजिक हितों के कार्य कई वर्षो से किये जा रहे है। जिसमें रक्षाबंधन पर्व, विवाह सहायता, चिकित्सा सहायता, गरीब और असहाय व्यक्तियों को आर्थिक सहायता, बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरण, बच्चों को दीपावली पर आतिशबाजी वितरण, वरिष्ठ समाजसेवीयों का सम्मान, महिलाओं का सम्मान, महापुरूषों की जयंती धूम-धाम से मनाना जैसे अनेक कार्य न्यास द्वारा वर्ष भर किये जाते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल ने कहा कि मनुष्य के जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व होता है, ज्ञान के माध्यम से ही मनुष्य अपने समाज तथा अन्य वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर पाता है। इस मौके पर महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि शिक्षक भारत के भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में परंपरागत शिक्षा के साथ-साथ जीवन में आगे चलकर काम आने वाली वास्तविक शिक्षा का भी बोध करवाया जाता है। शिक्षा को एक गुरू के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के पश्चात् सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सहभोज में भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विशिष्ट अतिथि एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने किया। वही न्यास के कोषाध्यक्ष अवध सिंह धाकरे ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर न्यास के उपाध्यक्ष विनोद जैन, प्रचार मंत्री सुरेश प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्षगण देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, हितेन्द्र यादव, अनूप शिवहरे, महाराज सिंह पटेल, लतीफ खान, श्रीमती गायत्री मण्डेलिया (एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद), श्रीमती लक्ष्मी सुरेश गुर्जर (एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद), नाथूराम ठेकेदार (एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद), बृजेश शुक्ला, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, श्रीमती वीणा भारद्वाज, श्रीमती सीमा समाधिया, हेमंत शर्मा (कवि), हरेन्द्र गुर्जर (जिला अध्यक्ष सेवादल कांग्रेस), आदित्य सेंगर (जिला अध्यक्ष आई.टी. सेल), सत्येन्द्र नागर (जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा) आदि मौजूद रहे।

# भांजे के घर गई थी वृद्धा, चोर ले गए जेवरात

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** पड़ाव थाना क्षेत्र के खेड़ापति पुल के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात तथा नकदी समेट ले गए। महिला कुछ दिन रहने के लिए अपने भांजे के घर गई थीं, उसी दौरान यह वारदात हो गई। पड़ोसी ने घर के ताले टूटने की जानकारी दी तब

**अंदर व बाहर सभी जगह के ताले टूटे**

**करीब 2 लाख रुपए का सामान चोरी हुआ**

पता चला कि घर में अज्ञात खिलाफ मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। प्रतिमा शर्मा 72 वर्ष पत्नी स्वर्गीय बिहारीलाल शर्मा खेड़ापति पुल के पास डेयरी के सामने रहती हैं।

19 अगस्त को प्रतिमा शर्मा ने अपने घर में ताले लगाए और शिंदे की छावनी स्थित आदर्श कॉलोनी में रहने वाले अपने भांजे योगेश्वर शर्मा के घर रहने के लिए चली गईं। घर में कोई था नहीं और पूरी तरह से सूना था। 5 सितम्बर की सुबह प्रतिमा शर्मा के पड़ोस में रहने वाली शालिनी ने मोबाइल पर सूचना दी कि आपके घर के ताले टूटे हुए हैं तथा मेन गेट खुला हुआ है। घर के ताले टूटने की बात पता चलते ही प्रतिमा शर्मा अपने भांजे को लेकर पहुंची। देखा कि अंदर व बाहर सभी जगह के ताले टूटे हैं तथा पूरे घर का सामान तितर-बितर पड़ा हुआ है।

**लोहे के बक्से में रखे थे जेवरात**

अज्ञात चोरों ने पहले घर की अच्छे से तलाशी ली। तलाशी के दौरान चोरों की नजर लोहे के बक्से पर गई तो उसका ताला तोड़ा। बक्से में से एक सोने की चेन, एक अंगूठी, सोने का लॉकेट, चांदी की तोड़ियां तथा कुछ नकदी रखी थी जिसे चोर समेट ले गए। बताया गया है कि करीब 2 लाख रुपए का सामान चोरी हुआ है।

चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास लगे सीसीटीवी देखे। सीसीटीवी में कुछ संदिग्ध नजर आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। टीआई आलोक परिहार का कहना है कि महिला के घर में चोरी हुई है और पुलिस को कुछ क्लू मिले हैं, जिससे जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# गरीबी मिटाने के लिए नमकीन कारोबारी को मिलकर लूटा था

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** जिले के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में दो सितंबर की रात हुई लूट के मामले में पुलिस ने लूट कांड पर पड़ा पर्दा हटाते हुए तीन आरोपियों को दबोच लिया है। बाकी जो आरोपी फरार है उनके पीछे पुलिस की कई पार्टियां सभी संभावित ठिकानों पर छापे मार रही हैं। लूट को लेकर जो कहानी सामने आई है उसके मुताबिक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी कंगाली मिटाना चाहते थे। इसलिए सभी ने मिलकर लूट का प्लान तैयार किया और नमकीन कारोबारी को उस वक्त लूट लिया जब वह नोटों से भरा थैला लेकर अपने घर जा रहा था।



**यूं हुआ खुलासा**

इस मामले में ग्वालियर के पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने कहा कि वैसे तो यह मामला पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण था पर जब पुलिस ने एक्शन शुरु किया तो सबसे पहले तलविंदर रडार पर आया। तलविंदर के बारे में पता चला कि उसने कुशवाह नमकीन पर काम किया था पर बाद में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। यह मामला ठीक वैसा ही था जैसा कि 4 अगस्त को शराब कारोबारी के मुनीम के साथ 31 लाख की लूट का था। मुनीम को लूटने के मामले में भी नौकरी से निकाला गया नौकर लूट में शामिल निकला था और नमकीन कारोबारी को लूटने के मामले में भी पुराना नौकर खबरी निकला।

**फिर बनाया प्लान-** तीनों लोगों ने मिलकर लूट का प्लान बनाया। इसमें तीन लोगों को और शामिल किया। इनके नाम सलमान खान, इरफान, विक्की मंडेलिया और अंकित रजक होना पता चले हैं। इन सभी ने मिलकर प्लान का खाका खींचा। घटना वाले रोज पहाड़िया पर पहुंचे। अंकित रजक, तलविंदर पैदल पैदल रेकी करने लगे। रोहित परिहार, विक्की मंडेलिया, सलमान, इरफान अलग-अलग बाइक पर पहुंचे और जैसे ही 2 सितंबर की शाम नमकीन कारोबारी दिन भर का हिसाब किताब करने के बाद बैग में रुपए समेटकर बाहर निकला। बाइक पर बैग टांग आगे चला कि बदमाशों ने उसे घेर लिया।

**यह है माजरा**

पुलिस ने इस सिलसिले में पवन परिहार, रोहित परिहार और रोहित परिहार उर्फ अक्की को गिरफ्तार कर लिया यह पिंटो पार्क के रहने वाले हैं। इन दोनों ने तलविंदर सिंह के सामने अपना दुखड़ा रोते हुए कहा था कि कुछ पैसों की जरूरत है। मदद कर दो। तलविंदर ने कहा कि पैसे तो उसके पास हैं नहीं पर एक काम है। यदि अपन मिलकर करेंगे तो सभी की गरीबी खत्म हो जाएगी। जब पवन और रोहित तो सगे भाई हैं और वह इसके लिए तैयार हो गए तो तलविंदर ने समझाया कि काम एक कारोबारी को लूटने का है। वह शाम को जब घर जाता है तो उसके पास नोटों से भरा थैला होता है। यदि उसे लूट लिया तो सभी माला-माल हो जाएंगे।




# रोटरी क्लब वीरांगना का शपथग्रहण समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** रोटरी क्लब ग्वालियर वीरांगना का शपथग्रहण समारोह एक निजी होटल में संपन्न हुआ। नव निर्वाचित अध्यक्ष आरती दुआ, सचिव स्नेहलता वर्मा, कोषाध्यक्ष ऋतु सलूजा ने विधिवत शपथ लेकर कहा कि इस वर्ष महिलाओं और बच्चों के लिए सेवा कार्यों पर विशेष ध्यान रहेगा। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. निशा शेखावत थीं। विशेष अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी डीजीएन प्रदीप पाराशर ने वीरांगना की नवीन कार्यकारिणी को सेवा कार्यों की शपथ दिलाई। नये सदस्यों को एजी दीपक बतरा ने शपथ दिलाकर रोटरी परिवार में शामिल किया। संचालन प्रार्थना लहरिया व ममता वालिया ने किया। इस अवसर पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रेखा अग्रवाल, रंजिता जैन, सुनीता खंडेलवाल, कमलेश शर्मा, रेखा श्रीवास्तव, रेखा गुप्ता, कामिनी गोयल, सपना, रजनी चौबे आदि सदस्य उपस्थित रहे। वीरांगना क्लब ने दो बच्चो की शिक्षा का एक वर्ष का खर्च उठाने का भी निश्चय किया।

# अब अपनी जगह नए चेहरे को मौका दिलाना चाहते हैं राजेश बाबू

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** गोल पहाड़िया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश बाबू का कहना है कि उन्हें गोल पहाड़िया ब्लॉक के अध्यक्ष पद पर कार्य करने का अवसर पार्टी ने प्रदान किया। अब इस पद पर किसी अन्य साथी को मौका मिलना चाहिए। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। हम सबको

**संगठन सम्मान समारोह में जिलाध्यक्ष को सौंप दिया पदमुक्ति का अनुरोध पत्र**

इसका पालन करना चाहिए। कांग्रेस में संगठन सृजन से सुरेंद्र यादव नए जिलाध्यक्ष बने है, गोलपहाड़िया ब्लॉक मे भी नया साथी, युवा, नई सोच को अध्यक्ष पद पर मौका मिलना चाहिए। उन्होंने अपना अनुरोध पत्र जिला अध्यक्ष और संगठन प्रभारी को सौंप कर उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष पद से मुक्त करने का अनुरोध किया ।

इससे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू ने आज संगठन सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व



मंत्री भगवान सिंह यादव रहे। विशेष अतिथि के तौर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा, संगठन प्रभारी यूबी पठान, राहुल शर्मा, मीनू परिहार, धर्मेंद्र शर्मा, हरेंद्र गुर्जर, मंगल यादव, रोनी अतरौलिया, लोकेंद्र कुशवाह, सुग्रीव कुशवाह, गजेंद्र कुशवाह आदि शामिल हुए।

सभी अतिथियों और कांग्रेसजनों का तिलक लगाकर एवं दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 10 लकी ड्रा भी रखे गए। गोल पहाड़िया ब्लॉक के सभी मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष और सभी कांग्रेसजनों को संगठन सम्मान पत्र अध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी द्वारा दिए गए।

मुख्य अतिथि भगवान सिंह यादव ने कहा कांग्रेस एक विचारधारा है और इस विचारधारा को घर-घर पहुंचाने के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता कार्य कर रहा है। कैसी भी स्थिति हो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हमेशा अपनी मेहनत और लगन से संगठन को मजबूत करने का काम किया है। आज ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू ने सभी का सम्मान कर एक इतिहास रचा है।

अध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं संगठन प्रभारी इब्राहिम पठान ने कहा कि दक्षिण विधानसभा के गोल पहाड़ियां ब्लॉक ने हमेशा एक अनुशासित टीम भावना और मेहनत से काम किया है । ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू ने कहा कि पद एक जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस पद पर कार्य करते हुए उन्हें करीब 4 साल हो चुके है। अब पद से मुक्ति चाहते हैं.

## डॉ रवि अम्बे बाबू जगजीवन राम फाउंडेशन के सदस्य मनोनीत



**ग्वालियर 7 सितम्बर.** डॉ रवि अम्बे का भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के स्वायत्त निकाय बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन नई दिल्ली की गवर्निंग बॉडी के सदस्य के लिए मनोनयन किया गया है. बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ अनिलकुमार वी पाटिल द्वारा मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अनुमोदन के उपरांत इस आशय का पत्र जारी किया है, जिसमें डॉ रवि अम्बे का अन्य दो सदस्यों प्रो.प्रदीप कुमार दिल्ली एवं डॉ शशि बाला गाजियाबाद यू पी के साथ गवर्निंग बॉडी के लिए मनोनयन किया गया है. डॉ अम्बे का यह कार्यकाल 3 वर्षों के लिए रहेगा. डॉ अम्बे विगत फरवरी 2024 से फाउंडेशन की सामान्य परिषद के सदस्य भी हैं. डॉ अम्बे गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के बाल एवं शिशु रोग विभाग में प्राध्यापक एवं जीवाजी यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद सदस्य हैं.

# मिनी मैराथन का हुआ आयोजन, स्वछता के लिए दौड़ा शहर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** ऊर्जामंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर द्वारा निरंतर मेनी मैराथन के माध्यम से ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर एक पर लाने एवं नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर मिनी मैराथन का आयोजन कर समाज में एक

**ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर एक पर लाने एवं नशा मुक्त बनाना है : तोमर**

संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है इस कार्य में जन कल्याण समिति एवं भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अपनी सहयोगिता निभाते आ रहे हैं आज उसी क्रम में चार शहर के नाके से वीर दुर्गादास राठौर चौक तक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे महिलाएं सहित सैकड़ो क्षेत्र वासियों ने हिस्सा लिया एवं स्वच्छता एवं नशा मुक्त बनाने के लिए आमजन को प्रेरित करने का प्रयास किया। मैराथन में समापन के समय ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने सभी को




संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको ग्वालियर को नंबर एक एवं नशा मुक्ति एवं स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर मेरी मैराथन के माध्यम से आमजन के बीच में संदेश देना है और हर जगह स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखना है अंत मे आभार मंडल अध्यक्ष ने व्यक्त किया

मैराथन में योगेंद्र तोमर,अजमेर सिंह परिहार, अरुण बाजपेई,दारा सिंह सेंगर, राजू सेंगर अरविंद राय, ओमप्रकाश शेखावत, ओंकार सिंह भदोरिया, जगन्नाथ सिंह सिकरवार, जन भागीदारी अध्यक्ष राम अवतार सिंह बैस होशियार सिंह तोमर,शुभेंद्र यादव प्रयाग सिंह तोमर, देवेंद्र राठौर, महेंद्र आर्य सुनील तोमर, किशन यादव, शैलेंद्र बेस, विक्रम परिहार,दीपक गॉड, शैलू चौहान, कौशल तोमर, धर्मेंद्र यादव, सचिन सिकरवार, शीतल अग्रवाल, ममता चौहान, इंद्रवीर भदोरिया, जीतू भदोरिया, धीरू तोमर, रामकिशन परिहार, सहित सेकड़ो लोगो की सहभागिता रही ।

# सिंधिया दुबई में 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 8 सितम्बर को दुबई में आयोजित होने वाले 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भाग लेंगे।

हर चार वर्ष में आयोजित होने वाली यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस, यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है और 1874 में स्थापित दुनिया का दूसरा सबसे पुराना अंतर-सरकारी संगठन है। इसका मुख्यालय बर्न, स्विट्जरलैंड में स्थित है। यूपीयू अंतर्राष्ट्रीय डाक विनिमय के लिए फ्रेमवर्क तय करता है और 192 सदस्य देशों में डाक, पार्सल और वित्तीय सेवाओं में सहयोग को बढ़ावा देता है। दुबई कांग्रेस एक महत्वपूर्ण वैश्विक सम्मेलन है जहाँ सदस्य देश के बीच यूपीयू की नई रणनीति और कारोबारी योजना (2026-2029) पर गहन विचार विमर्श होगा। इस योजना का केंद्रबिंदु बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में डाक सेवाओं का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करना है। यूपीयू के सबसे पुराने और सक्रिय सदस्यों में से एक डाक विभाग, अंतर्राष्ट्रीय डाक नियमों के मानकीकरण, सहयोग को प्रोत्साहित करने और वैश्विक डाक सेवाओं को आधुनिक बनाने के प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।



## देश के सबसे लंबे व्यक्ति मंगल सिंह पाल नहीं रहे

**ग्वालियर।** देश के सबसे लंबे व्यक्ति एवं पाल बघेल समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति मंगल सिंह पाल नहीं रहे। आज सिविल हॉस्पिटल अहमदाबाद में उनका देहांत हो गया। अहमदाबाद से उनके पार्थिव शरीर को ग्वालियर जाया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार 08 सितंबर को बड़ी सब्जी मंडी के पीछे संजय नगर पानी की टंकी ग्वालियर से प्रारंभ होगी एवं लक्ष्मीगंज श्मशान ग्रह में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# ग्वालियर का प्रतिनिधिमंडल एआईएमए के राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन में होगा शामिल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 सितम्बर.** अखिल भारतीय प्रबंधन संघ द्वारा आयोजित 52वाँ राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली स्थित होटल ताज पैलेस के दरबार हॉल में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में देश-विदेश के दिग्गज उद्योगपति, नीति-निर्माता, अर्थशास्त्री और रक्षा विशेषज्ञ शामिल होंगे।

ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन 20 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जीएमए के कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज पटवर्द्धन करेंगे। वहीं युवा प्रतिभागियों का नेतृत्व यंग लीडर्स काउंसिल ग्वालियर चैप्टर के चेयरमैन इंजी. मोहित वर्मा करेंगे।

सम्मेलन का मुख्य विषय है - वैश्विक रुझान और भविष्य की रणनीतियाँ- बदलती दुनिया में लचीलापन और अनुकूलनशीलता। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन, संसद सदस्य डॉ. शशि थरूर, नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत, टाटा स्टील के सीईओ टी.वी. नरेंद्रन, अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक डॉ. सुनीता रेड्डी सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हस्तियाँ अपने विचार साझा करेंगी।

सम्मेलन में भारत की विकास यात्रा और वैश्विक व्यवधानों से निपटने की रणनीतियाँ, भू-राजनीतिक चुनौतियाँ और भारत की भूमिका तथा भविष्य के लिए नेतृत्व और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विमर्श होगा।

ग्वालियर से जा रहा यह प्रतिनिधिमंडल स्थानीय प्रबंधन पेशेवरों, उद्योगपतियों और युवाओं के लिए न केवल प्रेरणास्रोत बनेगा बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर ग्वालियर की पहचान को और सशक्त करेगा।


**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

Advt. No. RBISB/BA/03/2025-26

**भारतीय रिज़र्व बैंक में ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) संवर्गों में (परिवीक्षाधीन) अधिकारियों के पदों पर सीधी भर्ती (सीभ) - पैनल वर्ष -2025**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं) में पैनल वर्ष-2025 के लिए निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | पदों के नाम | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 83 |
| 2 | ग्रेड 'बी' - आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 17 |
| 3 | ग्रेड 'बी' - सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) में अधिकारियों की सीधी भर्ती | 20 |
| | कुल | 120 |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए कृपया **10 सितंबर 2025** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर और दिनांक **13 सितंबर 2025** के एम्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित होने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उपरोक्त पदों के लिए बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्त्वपूर्ण तिथियां**:**

| | |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहेगा | **10 सितंबर से 30 सितंबर 2025 (शाम 06 बजे तक)** |
| ग्रेड 'बी' (सामान्य) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा | **18 अक्तूबर 2025** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा-आनीअवि (प्रश्नपत्र-I और II)/सांसूप्रवि (प्रश्नपत्र-I) | **19 अक्तूबर 2025** |
| ग्रेड 'बी' (सामान्य) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन परीक्षा | **06 दिसम्बर 2025** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन परीक्षा-आनीअवि (प्रश्नपत्र-I और II)/सांसूप्रवि (प्रश्नपत्र-II और III) | **07 दिसम्बर 2025** |

**बोर्ड इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार रखता है।

**टिप्पणी:** उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95